



# जय हिन्द जनाब

हर नज़र पर ख़बर | हर ख़बर पर नज़र

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F — आर्द्रता 48 % — वात 19 KM/H






वर्ष : 18, अंक : 225 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए | UPHIN/2005/14445 | www.jaihindjanab.com | नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) शनिवार, 15 अक्टूबर, 2022







## यमुना प्राधिकरण की आवासीय योजना हिट

### बिके एक लाख से अधिक फार्म, 78 हजार 843 जमा हुए, 63 हजार 283 ने पंजीकरण राशि जमा की

जय हिन्द संवाद

**यमुना एक्सप्रसेवे।** प्राधिकरण की हालिया आवासीय योजना आरपीएस 06/2020 ने तमाम रिकार्ड तोड़ कर रख दिए है।

कल बंद हुई इस आवासीय योजना में कुल एक लाख 11 हजार 254 फार्म बिके थे। इसके विरूद्ध प्राधिकरण को रुपए 89700 प्राप्त हुए। 78 हजार 843 लोगों ने फार्म जमा किए। 63 हजार 283 लोगों ने पंजीकरण राशि जमा की। इनमें से 23090 ने एनईएफटी के जरिए अपनी पंजीकरण राशि जमा कराई।

विभिन्न आकार के 477 भूखंडों का अगले माह इन आवेदकों के लिए ड्रा निकाला जाएगा। प्राधिकरण की 2009 में लाई गई आवासीय योजना में भी लोगों ने इसी तरह रूचि दिखाई थी। 21 हजार लोगों ने आवेदन किए थे। सभी को भूखंड आवंटित कर दिए गए। यह बात दिगर है कि अभी तक उनमें से ज्यादातर को कब्जा नहीं मिल पाया है।



**अब तकआवासीय योजना में आए आवेदन**

| वर्ष | प्लाट | आवेदन |
|---|---|---|
| 2019 | 952 | 2241 |
| 2020 | 971 | 3614 |
| 2021 | 418 | 19716 |
| 2021 | 415 | 16416 |

# डेंगू की दस्तक, मौसम बदलते ही बढ़े मरीज

### एचसीएल की इंजीनियर की मौत, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** पिछले हफ्ते हुई लगातार बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। गर्मी के विदा होते ही धीरे-धीरे सर्दी का आगमन शुरू हो गया है। इसी के साथ बुखार के मरीज भी बढ़ने शुरू हो गए है। डेंगू ने भी शहर में दस्तक दे दी है। सेक्टर-100 की सेंचुरी अपार्टमेंट में डेंगू से एचीसीएल की एक इंजीनियर की मौत हो गई।

गौतमबुद्ध नगर में डेंगू से संक्रमित पहली मौत का मामला सामने आया है। ये मामला शुक्रवार को सामने आया है। इस बारे में स्वास्थ विभाग से जब बात की गई तो स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि




उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। निजी अस्पताल ने डेंगू की वजह से मौत की पुष्टि की है। सेक्टर-100 स्थित सेंचुरी अपार्टमेंट में अपने पति मनमोहन के साथ रहने वाली मंजू (37) एचसीएल में इंजीनियर थीं। वह पिछले तीन दिनों से सेक्टर-110 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थीं। मूलरूप से सहारनपुर की रहने वाली मंजू के स्वजन का कहना है कि दो दिनों से बुखार रहने के बाद सेक्टर-110 स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को प्लेटलेट्स 47 हजार से घटकर गुरुवार को दोपहर बारह बजे 19 हजार हो गई थी। इसके बाद ब्लड प्रेशर कम होने व गंभीर हालत में उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया।

परिवार के सदस्य का कहना है कि शुक्रवार को सुबह करीब तीन बजे मंजू की मौत हो गई। उनके पति मनमोहन ने डेंगू के चलते प्लेटलेट्स घटने पर ए पाजिटिव रक्त चढ़ाने के लिए भी लोगों से मदद की अपील की थी। अस्पताल के एक सीनियर कंसल्टेंट ने बताया कि डेंगू के चलते महिला की मौत हुई है। महिला का उपचार विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में किया गया। हालांकि क्रिटिकल रिएक्शन होने की वजह से उपचाराधीन महिला की मौत हो गई।

## इस दीवाली रोशनी से जगमगाएगा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का भी चार्ज आने के बाद रितु माहेश्वरी ने वहां भी सफाई और खूबसूरती का अभियान छेड़ दिया है। इसी के तहत नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवें को मनोरम बनाने के लिए उन्होंने पहल की है। दरअसल शाम को वे ग्रेटर नोएडा से लौटती है तो एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सुनापन उन्हें अखरता है। इसीलिए एक्सप्रेसवे पर स्थित संस्थानों के संचालकों से कहा गया है कि वे इस बार दीपावली के मौके पर अपने संस्थानों को रोशन रखें। उनकी इस पहल का भी स्वागत हुआ है। एक्सप्रेसवे के संस्थानों पर रोशनी होनी शुरू हो गई है।

## सफाईगिरी में शामिल सीईओ ने ग्रेनो वेस्ट के विकास का खींचा खाका

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों की सहूलियत के लिए कई अहम परियोजनाएं जल्द धरातल पर आने वाली हैं। शनिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सफाईगिरी मुहिम का आगाज करने पहुंची प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने निवासियों से ग्रेटर नोएडा को स्वच्छता में सबसे आगे खड़ा करने के लिए सफाईगिरी अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से शनिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन-फोर स्थित गौड़ सौंदर्यम के पास स्थित पार्क में सफाईगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीईओ रितु माहेश्वरी, एसीईओ प्रेरणा शर्मा व प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शामिल नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मनीष कुमार समेत आसपास के निवासियों ने सीईओ रितु माहेश्वरी को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की समस्याओं से अवगत कराया, जिसके जवाब में सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि नोएडा सेक्टर 52 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क फाइव मेट्रो परियोजना का अप्रूवल अंतिम दौर में हैं। निवासियों को बहुत जल्द धरातल पर काम होते दिखाई देगा। सीईओ ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच इस साल के अंत तक 25 फीडर बसों का टेंडर फाइनल करने और 8--9 माह में बसें चलाए जाने की उम्मीद जताई। इसके बाद 25 और बसें भी इस बेड़े में शामिल की जाएंगी।

## खास खबर

### दिवाली और छठ पर यात्रियों को मिलेगी कन्फर्म सीट

**नई दिल्ली।** देश भर के रेलवे स्टेशनों पर परिवार के साथ दिवाली और छठ पूजा मनाने के लिए गांव जाने वालों की संख्या लगातार तेजी से बढ़ती जा रही है. जैसे-जैसे ये त्योहार नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ लगतार बढ़ती जा रही है. त्योहार के समय यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक रेल सेवाएं देने के लिए भारतीय रेल कई त्योहार स्पेशल ट्रेनें चला रही है.

यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए भारतीय रेल के उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली और पटना के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है. दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से पटना के बीच चलाई जाने वाली ये ट्रेन उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों से होकर गुजरेगी. उत्तर मध्य रेलवे ने आनंद विहार और पटना के बीच चलाई जाने वाली इस स्पेशल ट्रेन की डिटेल्स शेयर की है।

पटना से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलाई जाने वाली गाड़ी संख्या- 03255, पटना-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन 15 अक्टूबर से 7 नवंबर तक रोजाना सुबह 10.00 बजे पटना से प्रस्थान करेगी।

## लोक अदालतों का लोगों को मिल रहा फायदा : मोदी

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब लोकहित को लेकर सरदार पटेल की प्रेरणा, हमें सही दिशा में भी ले जाएगी, और हमें लक्ष्य तक पहुंचाएगी भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के समाज की विकास यात्रा हजारों वर्षों की है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय समाज ने निरंतर प्रगति की है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि वो प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए, खुद में आंतरिक सुधार भी करता चलता है। हमारा समाज अप्रासंगिक हो चुके कायदे-कानूनों, कुरीतियों को, गलत रिवाजों को हटाता भी चलता है। उन्होंने साफ कहा कि न्याय देने में देरी एक प्रमुख बाधा है।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से देश में बीते वर्षों में लाखों केसों को सुलझाया गया है। इनसे अदालतों का बोझ भी कम हुआ है और खासतौर पर, गांव में रहने वाले लोगों को, गरीबों को न्याय मिलना भी बहुत आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को सरकार का भाव भी नहीं लगना चाहिए और देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए।

## दिवाली से पहले अमूल ने दिया झटका

### दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** दूध की कीमतों में वृद्धि आम लोगों के बजट को बिगाड़ सकता है। आपको बता दें कि देश में अभी भी खुदरा महंगाई दर 7 फ़ीसदी के आसपास बना हुआ है। हाल में ही अमूल नहीं अपने दूध के दाम में बढ़ोतरी की थी।

अगस्त महीने में भी अमूल की ओर से दूध के दाम बढ़ाए गए थे। देश दीवाली की तैयारियां कर रहा है। दिवाली को लेकर देश में खरीदारी बढ़ जाती है। इसके अलावा मिठाइयों का भी आदान-प्रदान खूप होता है। इन सबके बीच अमूल डेयरी ने दिवाली से ठीक



पहले महंगाई का एक बड़ा झटका दिया है। दरअसल, अमूल की ओर से दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी गई है। जो फुल क्रीम दूध 61 रुपये प्रति लीटर मिलता था अब वह 63 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दूध की कीमतों में वृद्धि आम लोगों के बजट को बिगाड़ सकता है।

आपको बता दें कि देश में अभी भी खुदरा महंगाई दर 7 फ़ीसदी के आसपास बना हुआ है। हाल में ही अमूल नहीं अपने दूध के दाम में बढ़ोतरी की थी। अगस्त महीने में भी अमूल की ओर से दूध के दाम बढ़ाए गए थे।

### बिहार सीएम नीतिश कुमार ने फिर ली प्रतिज्ञा

## जिंदगी में कभी भी भाजपा के साथ नहीं जाऊंगा : नीतिश

जय हिन्द संवाद

**बिहार।** अपने पुराने सहयोगी पर हमला करते हुए नीतीश कुमार ने साफ तौर पर कहा कि पहले भाजपा के पास लोगों के विकास को लेकर विजन था। लेकिन अब वे सिर्फ बात करते हैं। बीजेपी के लोग अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ चला गया था।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर से भाजपा को लेकर प्रतिज्ञा ले ली है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अब जीवन में कभी भी भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। दरअसल, नीतीश कुमार शुक्रवार को समस्तीपुर दौरे पर थे जहां उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं बिहार की प्रगति के लिए काम करूंगा। इसके साथ ही



उन्होंने कहा कि मैं अपने पूरे जीवन भर में भाजपा के साथ नहीं जाऊंगा। उन्होंने कहा कि बिहार देश की प्रगति के लिए समाजवादियों के साथ काम करेंगे। हालांकि इससे पहले भी जब वह 2013 में भाजपा से अलग हुए थे तभी उन्होंने ठीक इसी तरह की प्रतिज्ञा ली थी। अपने पुराने सहयोगी पर हमला करते हुए नीतीश कुमार ने साफ तौर पर कहा कि पहले भाजपा के पास लोगों के विकास को लेकर विजन था। लेकिन अब वे सिर्फ बात करते हैं। बीजेपी के लोग अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ चला गया था।


**- अर्ज है**

**जनाब ...**

मैं बीजेपी में कभी नहीं जाऊंगा : नीतिश : खबर

**जनाब-ए-आली**

वो बुला ले तो अलग बात है ...!



**Breaking**

» नईदिल्ली : जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकियों ने कश्मीर पंडित की गोली मारकर हत्या की » मुरादाबाद : खनन माफिया और एक लाख का इनामी जफर पुलिस एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार » बागपत : गुरमीत राम रहीम बागपत के बरनावा आश्रम पहुंचे, एक महीने की पेरोल पर हैं बाहर » नईदिल्ली : देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 2430 नए मामले सामने आए

# लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर बड़ा हादसा, 15 घायल




जय हिन्द संवाद

**अमरोहा।** गजरौला में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां झपकी आने पर रोडवेज बस के चालक ने आगे चल रहे ईंटों से लदे ट्रैक ?टर-ट्राले में जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार एक महिला यात्री की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसके परिवार समेत अन्य 15 लोग घायल हो गए। घायलों में चार की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा। हादसा शनिवार तड़के करीब 3-30 बजे हुआ।

जिला बाराबंकी की हैदरगढ़ डिपो की रोडवेज बस दिल्ली जा रही थी। जिसे सरोज यादव निवासी मुहल्ला करीमनगर थाना गोसाईगंज लखनऊ चला रहे थे और अवधेश मिश्रा कंडक्टर व प्रेम राज यादव अतिरिक्त चालक बस में मौजूद थे। इनके अलावा बस में लगभग 55 सवारियां भी बैठी थी। बताते हैं कि जब रोडवेज बस गजरौला में चौपला पुलिस चौकी के ऊपर पुल पर पहुंची तो चालक को झपकी आ गई। जिसकी वजह से बस अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे ईंटों से भरे हुए ट्राले में घुस गई।तेज धमाके के साथ हुई टक्कर में हादसे में बस में सवार जिला बाराबंकी के थाना हैदर गढ़ क्षेत्र के गांव भैरमपुर निवासी 27 वर्षीय महिला शिव प्यारी की मृत्यु हो गई, जबकि उसका पति जगपाल, देवर शिवप्रसाद, देवरानी ललिता, बेटे ऋषभ व यश्लोक, निर्मला निवासी बकरगढ़, टिंकू निवासी राम कसनपुर, भजन हैदरगढ़, जिला बाराबंकी, सूरजभान व शिवकुमार निवासी पहाड़गंज रायबरेली, राममकन व प्रिंस निवासी बछरावां रायबरेली, पप्पू निवासी वालागांव अमेठी समेत 15 लोग घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ पर पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से चार लोगों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिए।

उधर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन पुल पर खड़े रहने की वजह से डेढ़ घंटे तक जाम के हालात बने रहे। पुलिस ने क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा पर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि इस हादसे में एक महिला की मृत्यु हो गई है। क्षतिग्रस्त वाहन पुलिस के कब्जे में है।रोडवेज बस व ट्रैक्टर-ट्राले में भिड़ंत जबरदस्त थी। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर दो हिस्सों में बट गया और वह पीछे की तरफ को मुड़ गया। गनीमत रही कि ट्रैक्टर पुल की दीवार से टकराने के बाद रुक गया और दीवार पर लगी रेलिंग टूट कर गिर गई। अगर दीवार की मजबूती से ट्रैक्टर नहीं रुकता तो वह सीधा लगभग 60 फीट नीचे सड़क पर गिर सकता था। जिसकी चपेट में नीचे के लोग भी आ सकते थे।क्षतिग्रस्त बस में फंसा रहा चालक, क्रेन से खींच कर निकाला बाहर भिड़ंत होने के बाद क्षतिग्रस्त हुई रोडवेज बस में चालक सरोज यादव बुरी तरह फंस गए। ऐसी स्थिति में क्रेन बुलाकर क्षतिग्रस्त बस के हिस्से को खींचकर फिर फंसे हुए चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। चालक की हालत नाजुक होने पर उसे सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## एक्सप्रेस-वे पर ट्रैक्टर से टकराई रोडवेज बस, आठ जख्मी



**कन्नौजा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शनिवार की सुबह फिर हादसा हो गया। तालग्राम क्षेत्र में रोडवेज बस आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में बस में सवार आठ यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तालग्राम क्षेत्र के किलोमीटर 176 मछैया गांव के पास सीमेंट लदे ट्रैक्टर में रोडवेज बस ने पीछे से टकरा गई। कुछ ही देर बाद रोडवेज बस से पीछे से दो कारें आपस में टकरा गई। हादसे में रोडवेज बस सवार आठ सवारियां घायल हो गईं, इनमें दो की हालत गंभीर है। यूपीडा कर्मियों ने घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को टोल पर खड़ा कराया है। ट्रैक्टर ट्राली में सीमेंट लदी हुई थी। जो तालग्राम से तिर्वा जा रहा था। बस की टक्कर से ट्राली पलट गई और सीमेंट की बोरियां बिखर गईं। हादसा तड़के चार बजे हुआ।

## जहांगीरपुरी दंगा के मुख्य आरोपी को मिली जमानत

जय हिन्द संवाद



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को झटका देते हुए, दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हुए जहांगीरपुरी दंगों के एक मुख्य आरोपी को जमानत दे दी। अदालत ने तबरेज खान को जमानत के लिए 25,000 रुपये का मुचलका दाखिल करने को कहा। खान की ओर से पेश वकील सतनारायण शर्मा ने तर्क दिया कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें मामले में झूठा फंसाया था।

अभियोजन का पूरा मामला सीसीटीवी फुटेज पर आधारित है और वर्तमान मामले में लगभग 50 आरोपी हैं। मुकदमे को समाप्त करने में लंबा समय लगेगा और इसलिए तबरेज़ खान को कृपया जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि उसे एक मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया था जिसमें आठ पुलिस कर्मियों पर हमला किया गया था और वह मुख्य आरोपियों में से एक था।अदालत ने हालांकि कहा कि उसे जेल में रखने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा और उसे जमानत दे दी गई।क्राइम ब्रांच ने तबरेज खान समेत दंगा मामले में 37 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

तरबेज़, इरशफिल और मोहम्मद अंसार 37 में से मुख्य आरोपी हैं। इरशफिल मामले में फरार है। आरोप पत्र धारा 147, 148, 149, 186, 353, 332, 323,427, 436,307,120 बी आईपीसी 27 आर्म्स एक्ट के तहत दायर किया गया था, एक अधिकारी ने कहा।

16 अप्रैल को जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के अवसर पर एक यात्रा जुलूस के दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों के दो समूहों के बीच झड़प हो गई थी। हिंसा में कम से कम आठ पुलिस कर्मी और एक नागरिक घायल हो गया।

# एएमयू प्रोफेसर पर बदमाशों ने पहले तानी रिवाल्वर

## फिर बोले, 50 हजार दो वरना बेटे को मार देंगे

जय हिन्द संवाद



**अलीगढ़,।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के प्रोफेसर से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो लोग प्रोफेसर के चैंबर में घुसे और रिवाल्वर तानकर 50 हजार रुपये की मांग की। शोर मचाने पर आरोपित,रू श्चह्म्श्चद्घद्गह्यह्यश्चह्ल व उनके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

एएमयू के कामर्स विभाग के प्रोफेसर नफीस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 12 अक्टूबर को दोपहर 2ः10 बजे वह अपने चैंबर में रिसर्च का काम कर रहे थे। तभी दो नकाबपोश व्यक्ति चैंबर में घुस आए। एक ने काला मास्क, सफेद टी-शर्ट और जींस पहन रखी थी। दूसरे ने भी मास्क लगाया था। तीन और बाहर खड़े हुए थे। आरोप है कि आरोपित ने देसी रिवाल्वर निकालकर सीने पर तान दी। इसके बाद 50 हजार रुपये मांगने लगे। मना करने पर आरोपित AMU Professor को पकड़कर ले जाने लगे। ये भी कहा कि जब रुपये आ जाएंगे तो छोड़ देंगे। इस पर प्रोफेसर ने शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपित भाग गए।

बदमाशों ने धमकी दी कि बाहर निकलने पर प्रोफेसर व उनके बेटे को मार देंगे। प्रोफेसर ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसकी सूचना प्राक्टर को दी। अन्य शिक्षक भी आ गए। सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक बाइक पर जाते दिखाई दिए हैं। इस घटना से भयभीत AMU Professor Nafees Ahmed ने सुरक्षा दिलाने की मांग की। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

खान के पास आठ अक्टूबर को एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। वह नंबर राजस्थान के अलवर का था। उस नंबर से पैसे की मांग की गई थी।

## बुलंदशहर में घर से टहलने निकले हार्डवेयर व्यापारी का अपहरण मेरठ में वाहनों की तलाशी



जय हिन्द संवाद

**बुलंदशहर** खुर्जा में शनिवार की सुबह घर से टहलने निकले 70 वर्षीय हार्डवेयर व्यापारी का कार सवारों ने अपहरण कर लिया और फरार हो गए। जानकारी होने पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ॅ?यापारी की खोज में मेरठ में भी वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

खुर्जा कोतवाली क्षेत्र की गोइनका कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय राजकुमार की कबाड़ी बाजार चौराहे के निकट मथुरादास के नाम से हार्डवेयर की दुकान है। शनिवार सुबह वह स्कूटी लेकर टहलने के लिए घर से निकले थे। जब वह नावल्टी मार्ग पर एनआरईसी कालेज के निकट पहुंचे, तो इसी दौरान कार सवार बदमाश वहां आ गए। बदमाश व्यापारी को कार में डालकर पंचवटी रजवाहे की पटरी की तरफ फरार हो गए।

व्यापारी की स्कूटी सड़क किनारे पड़ी हुई देखकर स्थानीय लोगों ने उनके घर सूचना दी। जिसके बाद स्वजन ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर सीओ दिलीप सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंच गए और जांच पड़ताल में जुटे हैं। हालांकि अभी पुलिस को कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग सका है। उधर, व्यापारी के अपहरण की जानकारी होने पर काफी संख्या में स्थानीय व्यापारी भी एकत्र हो गए हैं।

# पिटते रहे यूपी पुलिस के जवान

## उत्तराखंड पुलिस देखती रही



जय हिन्द संवाद

**मुरादाबाद।** इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो को सही माना जाए तो कुंडा प्रकरण में उत्तराखंड पुलिस के सामने ही उत्तर प्रदेश के पुलिसकर्मियों की पिटाई की गई। गोली लगने के बाद खून से लथपथ पुलिसकर्मी मदद मांगता रहा, लेकिन उत्तराखंड पुलिस तमाशबीन खड़ी रही। इस तरह के दो वीडियो सामने आए हैं।

प्रसारित वीडियो में एक 42 सैकेंड और दूसरा 23 सैकेंड का है। इनमें घायल पुलिस कर्मियों को घेरकर आरोपित और उत्तराखंड पुलिस खड़ी है।

बार-बार घायल जवान पुलिस से अस्पताल पहुंचाने की मांग करते हैं,लेकिन उत्तराखंड पुलिस के जवान उन्हें कोई जवाब नहीं देते हैं। वहीं आस-पास मौजूद भीड़ उन्हें और मारने का प्रयास करती है। जमीन पर पड़े जवानों के आस-पास खून भी बिखरा दिखाई दे रहा है। एक वीडियो में एसओजी के जवान शिव कुमार के साथ ही राहुल सिंह जमीन पर पड़े हैं। दोनों के पैर में गोली लगी थी, जबकि एक पुलिसकर्मी के सिर से खून बह रहा है। इसी दौरान आरोपित बंधक पुलिसकर्मी संगम कसाना को कमरे से बाहर लेकर आते हैं। इन दोनों वीडियो में आरोपितों की बर्बरता की कहानी बयां हो रही है।

नैनीताल के डीआइजी के पत्र के जवाब में एसएसपी हेमंत कुटियाल ने भी पत्र भेजा है। उन्होंने एसएसपी ऊधमसिंह नगर को लिखे पत्र में कहा कि दबिश देने से पहले तीन बार उधमसिंह नगर के पुलिस अधिकारियों के साथ ही कुंडा पुलिस को सूचना दी गई थी। एसएसपी ने इस बारे में मोबाइल सीडीआर के साथ ही कितनी बार किस नंबर पर जानकारी दी है। यह भी लिखा है। उनका कहना है कि घटना के बाद काशीपुर अस्पताल में घायल जवानों को भर्ती कराया गया था।

अस्पताल में भी घायल पुलिस कर्मियों को मारने के लिए कुछ लोग पहुंच गए थे। जिसके बाद गंभीर हालत में उन्हें कासमास अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एसएसपी ने स्पष्ट लिखा है कि हम अपने पुलिस कर्मियों को मरने के लिए अस्पताल में नहीं छोड़ सकते थे, उनका वहां पर समुचित इलाज नहीं हो रहा था। इसके साथ ही उनकी जान को भी खतरा था। काबिलेगौर है कि नैनीताल के डीआइजी ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर बिना सूचना के दबिश देने और बैरीकेड तोड़कर फरार होने का आरोप लगाया था।


## टीबी के खिलाफ जंग को मजबूत करें : डा. शिरीष जैन

**नोएडा ।** जनपद में टीबी उन्मूलन के लिए क्षयरोग विभाग प्रयासरत है। विभाग के सहयोग के लिए 58 निक्षय मित्र आगे आकर टीबी रोगियों को हर माह पुष्टाहार उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक और भावनात्मक सहयोग कर रहे हैं। प्रदेश की राज्यपाल आंनदी बेन पटेल इस सराहनीय कार्य के लिये कुछ चुनिंदा निक्षय मित्रों को सम्मानित भी करेंगी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. शिरीष जैन ने बताया कि टीबी मरीजों को गोद लेने वालों को चिन्हित कर निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण किया जा रहा। जनपद में अब तक 58 स्वयं सेवी संस्था, सामाजिक संगठन व व्यक्तिगत रूप से गोद लेने वालों को पंजीकृत किया जा चुका है। इसी क्रम में 14 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से टीबी से ग्रसित 19 बच्चों को गोद लिया है।

इसमें जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने पांच बच्चों को गोद लिया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 17 चिकित्सा अधिकारियों ने भी टीबी से ग्रसित मरीजों को गोद लिया हुआ है।

यह सभी टीबी रोगियों को हर माह पुष्टाहार उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक और भावनात्मक सहयोग कर रहे हैं। इन सभी को निक्षय मित्र के रूप में जाना जाता है। छह सौ और मरीजों को लिया जाएगा गोद जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर पवन भाटी ने बताया कि करीब 600 टीबी रोगियों को गोद देने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया सितम्बर तक जनपद में 2331 टीबी मरीज गोद लिये गये। इसी दौरान करीब 1447 मरीजों को टीबी का उपचार पूरा हो चुका है। टीबी को हराकर अब यह लोग सामान्य जिन्दगी जी रहे हैं।




# रोहतक की सुनारिया जेल से बागपत डेरे में पहुंचे राम रहीम

## राम रहीम के चुनाव लड़ने की अटकलें

जय हिन्द संवाद



**रोहतक।** डेरा सच्चा सौदा सिरसा के प्रमुख गुरमीत सिंह को सुनारिया जेल से 40 दिन की पैरोल मिल गई है। रोहतक सुनारिया जेल में पैरोल मिलने के बाद गुरमीत राम रहीम को लेने के लिए उनकी मुंह बोली बेटी हनीप्रीत इंसा वहां पहुंची। जिसके बाद सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार में गुरमीत सिंह हनीप्रीत के साथ उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम के लिए रवाना हुए। इस दौरान हनीप्रीत के साथ गुरमीत सिंह के चचेरे भाई चरणजीत सिद्धू और डेरे के सुरक्षा इंचार्ज प्रीतम पाल भी सुनारिया जेल में पहुंचे थे। राम रहीम की गाड़ियों को काफिला सुबह 7-00 बजे जेल परिसर रवाना हुआ।

गुरमीत सिंह के प्रदेश के आठ से नौ जिलों में श्रद्धालुओं की संख्या अच्छी-खासी है। चूंकि पंचायत और आदमपुर उपचुनाव होने जा रहे हैं, इसलिए वह पैरोल पर बाहर रहकर अपने श्रद्धालुओं को किसी पार्टी विशेष के लिए चुनाव में समर्थन देने का संकेत दे सकते है। आदमपुर उपचुनाव भी है। इस चुनाव में भी गुरमीत सिंह किसी भी प्रत्याशी के लिए नफा-नुकसान पहुंचा सकते है। गुरमीत सिंह अपने डेरे में श्रद्धालुओं को चुनाव के बारे में दिशा-निर्देश दे सकते है। आदमपुर उपचुनाव और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के बीच पैरोल मिलना, चुनावी नफे-नुकसान से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि सुनारिया जेल प्रशसन को अभी तक पैरोल के रिलीज आर्डर नहीं मिले है। जेल प्रशासन ने उसे पैरोल पर भेजने की तैयारी जरूर कर ली है।

डेरा सच्चा सौदा में भी परिवार के सदस्यों में मतभेदों की सूचनाएं भी इंटरनेट मीडिया पर लगातार आ रही है।

इंटरनेट मीडिया पर मुंहबोली बेटी हनीप्रीत को डेरा का चेयरपर्सन बनाने की अफवाह भी पिछले दिनों इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई थी। इस मामले में गुरमीत सिंह ने एक वीडियो भी जारी करना पड़ा था। परिवार भी विदेश में चला गया है। बेटी अमरप्रीत और चरणप्रीत पिछले दिनों लंदन के लिए रवाना हो गई थी। जिनकी इंटरनेट मीडिया पर तस्वीर वायरल हुई थी। बताते है बेटा भी विदेश में चला गया था। मुंह बोली बेटी अपनी फैमिली आइडी में भी गुरमीत सिंह ने जोड़ रखा है।

# स्टंट बाजी के दौरान युवक की मौत

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** स्टंट बाजी के दौरान युवक की हुई मौत, वीडियो बनाते समय हुआ हादसा नोएडा से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। शहर की सबसे बड़ी मल्टीलेवल पार्किंग के अंदर स्टंट बाजी करने के दौरान एक युवक की मौत हो गई है। इस घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए हैं। लोगों ने युवक की मौत की सूचना सेक्टर-20 पुलिस थाना को दी। सूचना के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। यह घटना शुक्रवार रात की है।



मिली जानकारी के मुताबिक, युवक की उम्र करीब 18 साल है। यह नोएडा का ही रहने वाला है। रात के समय सेक्टर-18 के मल्टीलेवल पार्किंग के अंदर बने दीवारों पर चढ़कर युवक वीडियो बना रहा था। वीडियो बनाने के दौरान युवक हादसे का शिकार हो गया है। बताया जा रहा है कि मृतक सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए वीडियो बनाया करता था।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**

प्रथम जांच में युवक इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर वीडियो बनाने वाला लग रहा है। पुलिस सेक्टर 18 में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

खबर लिखे जाने तक युवक के शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं।

## 1000 नई व्यायामशालाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए: अनिल विज

**चण्डीगढ।** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज ने योग को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया और कहा कि हरियाणा में बन रही योग व्यायामशालाओं के दूसरे चरण में 1000 नई व्यायामशालाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज आज हरियाणा आयोग से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आयोजित निर्णायक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉक्टर जी निरुपमा, आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ साकेत कुमार, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य, उपाध्यक्ष श्री रोशनलाल एवं सभी 10 गैर सरकारी नवनियुक्त सदस्य उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र के हर पार्क एवं सोसाइटी में योग की कक्षाएं लगाने के लिए निमित्त रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन से सम्पर्क किया जाए। उन्होंने पार्क सोसाइटी के माध्यम से योग शिक्षकों की नियुक्ति करने के हरियाणा योग आयोग के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की, जिसमें 42 से 65 वर्ष के योग शिक्षकों को पार्ट टाइम 2 घंटे से 4 घंटे के लिए नियुक्त किया जाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा: समीर कश्यप

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** पुरानी पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद -शाखा - गौतमबुधनगर में अटेवा के पदाधिकारियों की एक बैठक उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष समीर कुमार कश्यप के साथ नगर पालिका दादरी कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें अधिशासी अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष समीर कुमार कश्यप ने देश में पुरानी पेंशन बहाली पर संघर्ष कर रहे एकमात्र संगठन अटेवा को अपना पूर्ण समर्थन देने का वादा किया एवं अपने वक्तव्य में बताया कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है। जो कि कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है आज पूरे देश में पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ी जा रही है। सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना एक लोक कल्याणकारी सरकार की जवाबदेही होनी चाहिए वहीं जहां राजनीतिक नेताओं को एमपी एमएलए बनने पर 4 पेंशन दी जा रही है । वही सीमा पर देश की सुरक्षा करने वाले अर्धसैनिक बलों एवं सरकारी महकमे में 60 वर्ष की देश की सेवा करने वाले शिक्षक कर्मचारियों की पेंशन बंद कर दिया गया जोकि एक लोक कल्याणकारी राज्य के लिए कतई उचित नहीं है पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी संगठनों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। अटेवा के जिलाध्यक्ष रविंद्र द्वारा अधिशासी अधिकारी महोदय को उनकी पदोन्नति होने पर बधाई एवं स्वागत भी किया गया बैठक में अटेवा के महामंत्री रामप्रवेश पाल फिरोज सुधीर सोमवीर, टीटू, जगदीश सिंह, पीयूष शर्मा,सोहराब मेवाती, अरुण बंसल, रोहिताश सिंह, सत्येंद्र कुमार, छत्रपाल, संजय कुमार, एवं राज्य स्वास्थ्य शासन कर्मचारी के प्रांतीय अध्यक्ष जे पी भाई भी उपस्थित रहे।



# निर्वाचन आयोग ने हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषित

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** निर्वाचन आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश के विधान सभा चुनाव की तिथि 12 नवम्बर, 2022 घोषित कर दी गयी है, और गुजरात के विधान सभा चुनाव भी सम्भवत: माह दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में होने की संभावना है। 08 दिसम्बर, 2022 को हिमांचल प्रदेश के चुनाव परिणाम आयेंगे, अत: इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी की आंतरिक रिपोर्ट एवं एजेंसियों की रिपोर्ट यह दर्शा रही है कि भारतीय जनता पार्टी के हाथ से ये दोनों ही राज्य निकल रहे हैं और इसीलिये गुराजत के विधान सभा चुनाव बाद में कराये जा रहे हैं । क्योंकि वहाँ की स्थिति भाजपा के लिये काफी खराब है। यदि दोनों राज्यों के चुनाव में दो- तीन सप्ताह का अंतर होगा तो प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं को गुजरात में स्थिति संभालने का और समय मिल जायेगा। इसीलिए दोनों राज्यों ने अलग- अलग तिथियों में चुनाव कराने की सिफारिश की और निर्वाचन अयोग दोनों राज्यों में अलग-अलग तिथियों में चुनाव कराने जा रहा है।

तिवारी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवा (5 राज्यों) के चुनाव एक साथ कराये गये थे । हिमांचल प्रदेश और गुजरात प्रदेश के कार्यकाल का अंतर जब 6 माह से कम का था तो फिर निर्वाचन आयोग ने स्वयं के उस परम्परा का पालन क्यों नहीं किया। कि जहाँ 6 माह से कम का समय होता है वहां के चुनाव एक साथ कराये जायं । हिमांचल प्रदेश और गुजरात यह दोनों राज्य बहुत बडे भी नहीं है, बहाना यह बनाया गया कि पिछली बार का फार्मूला अपनाया गया है । यदि इन दोनों राज्यों के चुनाव एक साथ होते तो इन राज्यों में भारतीय जनतापार्टी की सरकार किसी भी स्थिति में नहीं बनती, इसीलिए अपनी आसन्न हार को देखते हुये भारतीय जनतापार्टी ने दोनों राज्यों में अलग- अलग तिथियों में चुनाव कराने का खेल खेला है । लोकतन्त्र में यह स्वस्थ परम्परा नहीं है । और पूर्व निर्धारित नियम और निर्वाचन आयोग के दिषा निर्देशों का खुला उल्लंघन है । तिवारी ने कहा है कि भारतीय जनतापार्टी चाहे जितना भी प्रयास कर ले और हथकण्डे अपना ले किन्तु हिमांचल प्रदेश और गुजरात- इन दोनों राज्यों में भारतीय जनतापार्टी का सफाया होगा और चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आयेंगे, कांग्रेस की सरकार इन राज्यों में बनेगी।

# मंगलमय में वालीबाल टूर्नामेंट का आयोजन

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** मंगलमय इस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट ने मैनेजमेंट विद्यार्थियों के लिए वालीबाल टूर्नामेंट की मेजबानी की। जिसमें एम.बी.ए., बी.बी.ए एवं बी. कॉम के विद्यार्थियों ने हिस्सेदारी दी। इस टूर्नामेंट के दौरान सभी छात्र अति उत्साहित दिखें।

टूर्नामेंट का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन अतुल मंगल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विभाग की निर्देशिका डा. गीति शर्मा ने छात्रों के उत्साह वर्जन हेतु खेलों की उपयोगिता का वर्णन करने हेतु शारीरिक एवं मानकिस विकास की ओर प्रेरित किया।

संस्थान के वाइस चेयरमैन आयुष मंगल ने टूर्नामेंट से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण टिप्स एवं छात्रों को निरूतर फिटनेस के लिए खेलों की महत्वता पर प्रकाश डाला।




फाइनल में एम.बी एवं बी.बी. ए के बीच रोंगटे खड़े कर दने वाला मैच खेला गया।

जिसमें एम.बी.ए टीम विजेता रही। अंत में डायरेक्टर गीति शर्मा एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रेरणा मंगल ने विजेता टीम को पुरूस्कृत कर मेडल एवं ट्राफी से सम्मानित किया, एवं कप्तान अमन कुमार को बधाई दी। वेस्ट टूर्नामेंट ऑफ प्लेयर का अवांर्ड अनुराग राय केनाम रहा । कार्यक्रम का संचालन डा. राजकुमार, आशुतोष गौर, विशाल एवं डा. शरद ने किया। डा. मीनाक्षी शर्मा, डा.पोयम शर्मा एवं डा. सीमा ने छात्रों का उत्साह बढाया।

## पंजाब को पहले छह महीनों में 23,448 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ: अनमोल गगन मान

जय हिन्द संवाद

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार राज्य की वित्तीय हालत को मज़बूत करने, लोगों को रोजगार मुहैया करवाने और अधिक से अधिक निवेश लाने के लिए लगातार यत्नशील है। राज्य सरकार को अपने अथक प्रयासों के स्वरूप पहले छह महीनों के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में 23,448 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है। इस संबंधी जानकारी देते हुए पंजाब के निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले, शिकायत निवारण और श्रम मंत्री अनमोल गगन मान ने कहा कि एसबीआई की खोज टीम के अनुसार पंजाब का निर्यात 2018-19 में 1830 मिलियन डॉलर से बढकर 2022 में 7096 मिलियन डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक सैक्टर में और भी कई गुना विस्तार होगा



और इससे राज्य में 1,06,000 से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने जर्मन, कैनेडियन, ऑस्ट्रेलियन और अमरीकी कंपनियों से निवेश प्राप्त किया है। उन्होंने यह भी बताया कि टाटा स्टील लिमिटेड, सनातन पॉलीकॉट प्राईवेट लिमिटेड, नाभा पावर लिमिटेड, मैक्स स्पैशलिटी फ़िल्म्ज़ लिमिटेड, बादल केमिकल लिमिटेड यूनिट XII, फ्रायडेनबर्ग ग्रुफ, नेस्ले इंडिया लिमिटेड और कारगिल इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जैसी कंपनियाँ राज्य में अपने कारोबार का विस्तार करना चाहती हैं।

# भगवंत मान के रुख से केजरीवाल का चेहरा हुआ बेनकाब: धनखड़

जय हिन्द संवाद

**चंडीगढ।** आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को हरियाणा के हक पर कब्जा करने की बजाय अपना बडा दिल करते हुए तत्काल एस वाई एल नहर का निर्माण कार्य शुरू कर एसवाईएल का पानी हरियाणा पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए। इस नेक कार्य से हरियाणा के लाखों किसानों का भला होगा और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने आज दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्री की बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री मान के अव्यवहारिक रुख की कडी आलोचना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में संविधान सर्वोपरि है।



संविधान में स्थापित कानून और मूल्यों पर आधारित माननीय सर्वोच्च अदालत ने हरियाणा के हक में फैसला दिया हुआ है। इस फैसले का सभी पक्षों को सम्मान करना चाहिए।

धनखड ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को न तो हरियाणा के किसानों की चिंता है, और न ही देश के संविधान की स्थापित गरिमा की। भारत देश बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को मानने से चलेगा, अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की नकारात्मक सोच से नहीं।

केजरीवाल हरियाणा में आकर हरियाणा की मिट्टी का लाल होने की दुहाई देते हैं और दिल्ली जाकर हरियाणा के लाखों किसानों के हकों को मारने का काम करते हैं। हरियाणा में यह दोगलापन नहीं चलेगा और न ही हरियाणा की जनता को दोगलापन सहन करने की आदत है।केजरीवाल को अच्छी तरह पहचान गई है और समय आने पर जवाब भी देगी धनखड़ ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि माननीय सर्वोच्च अदालत पंजाब सरकार को एस वाई एल नहर के निर्माण कार्य को पूरा करने की दिशा उचित आदेश देगी। हमे कानून और संविधान पर पूरा विश्वास है।



**नोएडा।** निठारी गांव सेक्टर-31 नोएडा में यह माता मुझे मिली जिसकी हालत बहुत ही कमजोर बीमार दर्द से भरी कहानी थी मैं आज श्री राम सेवा ट्रस्ट नोएडा की ओर से इस माता की कुछ सेवा कर पाया इस सेवा में जो भी लोग अपना सेवा और आशीर्वाद प्रदान करते हैं हमारा पूरा श्री राम सेवा ट्रस्ट भगवान जी के चरणों में प्रार्थना करता है ऐसे लोगों के परिवार हमेशा खुशहाल और आनंदित रहें ऐसे ही लोगों की सेवा और कृपा से हमें यह सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है मेरी सभी से यह प्रार्थना है इसको दिखावा ना समझे एक प्रेरणा समझे और आप भी ऐसी सेवा में सम्मिलित होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें जय श्री राम सेवादार रामदास विजय।

# सेक्टर-44 वाईएसएस फाउंडेशन की मासिक बैठक का आयोजन

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** डिफेंस एनक्लेव सेक्टर 44 गौतम बुध नगर में वाईएसएस फाउंडेशन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आने वाले त्योहारों पर कार्य योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें ग्रामीण विकास योजना, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता जागरूकता अभियान, पर्यावरण सुरक्षा एवं नदी व जल संरक्षण पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। आज की बैठक का आयोजन वाईएसएस फाउंडेशन के संयोजक आकाश प्रजापति द्वारा किया गया। आज का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए ही रखा गया।पर्यावरण संरक्षण का मुख्य उद्देश्य भविष्य के पर्यावरण या प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। सदी में हम लोग विकास के नाम पर पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, अब हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि हम पर्यावरण संरक्षण के बिना इस ग्रह पर लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते हैं। इसलिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। समाज के हर वर्ग के लोगों को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदस्य सोनिका, सिमरन, रेशमा, अंजू, आयशा, रितु, कल्पना, ममता, योगिता, सपना आदि महिला शक्तियों एवं अमरीश, संजय, कृष्णा, सोनू, पंकज मिश्रा, रामवीर, दुर्गा प्रसाद व सचिन गुप्ता का मुख्य रुप से सहयोग रहा।



## एसवाईएल पर सिर्फ बयानबाजी तक सीमित भाजपाई: सैलजा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि एसवाईएल के मुद्दे का भारतीय जनता पार्टी किसी भी तरह से समाधान नहीं चाहती है। भाजपा की चाहत है कि यह मुद्दा हमेशा हमेशा के लिए मुद्दा ही बना रहे। जब कभी जरूरत हो तो इसे हवा दे दी जाए, अन्यथा इस पर चुप्पी साधे रहें। हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्री की बैठक को कुमारी सैलजा ने ढकोसला करार देते हुए कहा कि इनकी नीयत और नीति में फर्क है, इसलिए इन्हें जनता को दिखाने के लिए इस तरह के ढोंग करने पड़ रहे हैं।

# घरों में निकल रहे सांप, लोग भयभीत

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा ईटा प्रथम में रहने वाले सांपों की भरमार की वजह से परेशान हैं। आए दिन किसी न किसी के मकान में सांप निकल रहे है। इतना ही नहीं आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दीपक भाटी सहित कई मकानों के अंदर सांप निकल चुके हैं। गनीमत यह रही कि अब तक कोई जनहानि नहीं हुई है। सेक्टर वासियों का कहना है कि आए दिन सांप निकलने से लोग परेशान हैं और सपेरे को बुलाकर उन्हें पकडवाया जा रहा है। सेक्टर वासियों का कहना है कि जब से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी का चार्ज रितु माहेश्वरी को सौंपा गया है, तब से ग्रेटर नोएडा में स्वच्छता अभियान में काफी सुधार आया है।

ईटा प्रथम में रहने वाले मदन चौधरी ने कहा कि पहले सफाई कर्मी देर से आते थे और सफाई भी सही से नहीं कर पाते थे। लेकिन जब से प्राधिकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में रितु माहेश्वरी की तैनाती की गई है। तब से सफाई कर्मी सुबहउठने से पहले ही सफाई करते सड़कों पर नजर आते हैं और स्वच्छता में भी सुधार दिखाई दे रहा है। उन्होंने मांग की है कि जिन मकानों में झाड, घास आदि खडी है। और वहां कोई नहीं रह रहा या तो उनके मकान मालिक वहां रहने या किसी और को किराए पर दिलाई जाए। क्योंकि वहां झुंड आदि पनपने से सांप आदि का खतरा बना रहता है। डी103 में रहने वाले गौतम के मकान में भी शुक्रवार को सांप निकल आया उसने भी सपेरे को बुलाकर सांप को को पकडवाया।

# इतिहास को चुनिंदा तरीके से संदर्भ से बाहर न प्रकट करें: कैप्टल अमरिन्दर सिंह

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से कहा कि इतिहास को चुनिंदा और संदर्भ से बाहर न उद्धत करें। उन्होंने आगे कहा, उन्हें देश और पंजाब के हितों को देखने और उनकी रक्षा करने की प्रतिबद्धता के लिए भगवंत मान जैसे किसी भी व्यक्ति से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने पटियाला जिले में एसवाईएल की आधारशिला रखने के बारे में 1981 का आमंत्रण दिखाने का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय वह पटियाला के सांसद थे और इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं।

उन्होंने कहा, तब से 41 साल बीत चुके हैं और उस समय के तथ्य अब जो हैं उससे काफी अलग थे। उन्होंने मान से कहा, जैसा कि उन्होंने खुद कहा, कि इस तरह के समझौतों की हर 25 साल के बाद विभिन्न कारकों के आधार पर समीक्षा की जानी चाहिए, इसी तरह स्थिति और परिस्थितियां बदल गई हैं, जो तब थीं वोह अब नहीं हैं। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने कहा, यही कारण है कि पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने पंजाब के पानी को पड़ोसी राज्यों में जाने से सुरक्षित करने के लिए 2004 में वाटर शेयरिंग एग्रीमेंट (निरसन) अधिनियम बनाया। उन्होंने कहा, इतिहास राष्ट्र और पंजाब के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का गवाह है, चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए सेना में फिर से शामिल होना हो या ऑपरेशन ब्लूस्टार का विरोध करने के लिए संसद और कांग्रेस से इस्तीफा देना हो।

# वर्ष 2023 को होने वाले चुनाव को लेकर बैठक की आयोजित

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** त्रिपुरा के प्रवास के दूसरे दिन क्षेत्र के सांसद एवं त्रिपुरा के प्रभारी डा. महेश शर्मा ने उनाकोटी जिले के आगामी वर्ष 2023 फरवरी में होने वाले चुनाव के दृष्टिगत भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनावों के संबंध में बैठक की और सांगठनिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा भी की।

भारतीय जनता पार्टी उनाकोटी आफिस कलिशहर में नये पार्टी कार्यालय का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री त्रिपुरा मानिक शाहा, प्रदेश अध्यक्ष, राजीब भट्टाचार्य तथा प्रभारी डा. महेश शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस बैठक में मुख्यमंत्री प्रो. मानिक शाहा , प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्जी , महामंत्री संगठन फाणिंद्रनाथ शर्मा , राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद बिपलाब , केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक , मंत्री रतनलाल नाथ , मंत्री राम प्रसाद पाल , मंत्री सुशांत चौधरी और मेयर दीपक मजूमदार भी उपस्थित रहे।





दैनिक जय हिन्द जनाब

शनिवार, 15 अक्टूबर , 2022

# आदत से लाचार

कई बार लगता है कि अगर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को केंद्र में रख कर झूठ और आरोप का सहारा लेना छोड़ दे तो वैश्विक परिदृश्य में उसकी मौजूदगी को कैसे देखा जाएगा! दरअसल, भारत के संदर्भ में एक ही प्रकृति की बात करने का पाकिस्तान आदी हो चुका है, जिसमें गलत अवसर पर और बिना वजह के भी निराधार बोलने में उसे कोई हिचक नहीं होती, भले ही ऐसा करने के लिए उसे हंसी का पात्र क्यों न बनना पड़े! फिलहाल दुनिया के तमाम देश रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर चिंता जता रहे हैं और उसे रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के कुछ शहरों पर रूस के कब्जे से उपजे हालात पर बहस हो रही थी। लेकिन इसमें मतदान के दौरान पाकिस्तान ने एक बार फिर यूक्रेन का संदर्भ देते हुए कश्मीर का मुद्दा उठा दिया। जाहिर है, विश्व स्तर पर संबंधित मंचों के जरिए यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को रोकना प्राथमिकता में है और पाकिस्तान इसे अपने लिए सुविधा के मौके के तौर पर इस्तेमाल करने कोशिश कर रहा है। स्वाभाविक ही भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की और इसे पाकिस्तान का बेसिर-पैर वाला बयान बताते हुए करारा जवाब दिया। यों भारत की ओर से स्थिति फिर स्पष्ट करते हुए कहा गया कि जम्मू-कश्मीर का पूरा क्षेत्र हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा, लेकिन यह समझना मुश्किल है कि इस तरह की स्पष्टता और ठोस हकीकत के बावजूद पाकिस्तान बेवक्त और बिना आधार के मुद्दों पर भारत पर अंगुली उठाने की आदत का शिकार क्यों हो गया है। इस मौके पर भारत के सामने भी यह कहने की जरूरत पैदा हो गई कि हम पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को रोकने का आह्वान करते हैं, ताकि हमारे नागरिक सुकून से रह सकें।

एक प्रश्न नैतिकता का भी बनता है कि जिस वक्त संयुक्त राष्ट्र रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध और उसके बिगड़ते स्वरूप पर चिंता जता रहा है, उस वक्त पाकिस्तान को अपने बेबुनियाद सवाल रखने का साहस कहां से मिलता है! दरअसल, पाकिस्तान अब इस बात का प्रतीक बनता जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अगर व्यापक दृष्टि के साथ किसी मसले पर बहस करने सलाहियत नहीं है तो बिना वजह भी भारत पर अंगुली उठा दिया जाए, ताकि वहां उसे केंद्र में आने का मौका मिल सके।

यह जगजाहिर है कि जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक-राजनीतिक स्थिति, यानी इसके भारत का हिस्सा होने का तथ्य बिल्कुल स्पष्ट होने के बावजूद पाकिस्तान लगातार इसे विवादित बनाने की कोशिश में लगा रहता है। हालांकि उसे आज तक इस संबंध में कोई कामयाबी नहीं मिली और अक्सर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसकी फजीहत होती रहती है। मगर वह बाज नहीं आता। सवाल यह भी है कि पाकिस्तान की ताजा हरकत कहीं बेहद संवेदनशील बहस को सचेतन भटकाने का प्रयास तो नहीं है! मगर वह ऐसा सोचता है, तो यह उसकी समझदारी नहीं कही जा सकती।

# चुनावी मौसम और हेट स्पीच का दौर



निशिकांत ठाकुर

चुनावी मौसम के नजदीक आते ही देश में नफरती भाषणों, यानी हेट स्पीच का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। पिछले दिनों राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मनीष नामक युवक की हत्या के विरोध में आयोजित कार्यक्रम के कथित वीडियो में भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा को यह कहते सुना और देखा जा सकता है के 'जहां कहीं भी ये लोग दिखें, तो उनका दिमाग और तबीयत ठीक करने का एक ही तरीका है, और वह तरीका है उनका संपूर्ण बहिष्कार।' वहीं, दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के लोनी से भाजपा के ही विधायक नंद किशोर गुर्जर ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि 'हम लोग किसी को छे?ते नहीं, लेकिन हमारी बहन-बेटी को कोई छे? तो उसे छो?ते भी नहीं। दिल्ली के अंदर सीएए पर दंगा हुआ, तब ये जिहादी हिंदुओं को मारना शुरू किया, तो आप लोग थे? आपने घर में घुसा दिया? हमारे ऊपर आरोप लगे कि हम ढाई लाख लोग लेकर दिल्ली में घुस गए। हम तो समझाने के लिए गए थे, लेकिन हम पर पुलिस ने मुकदमा कर दिया कि हमने जिहादियों को मारने का काम किया, हम जिहादियों को मारेंगे, हमेशा मारेंगे, सहमत हैं?'

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बावजूद नफरती भाषण देने वाले यति नरसिंहानंद ने हिमाचल प्रदेश के ऊना में धर्म संसद का आयोजन किया, जहां से एक समुदाय के खिलाफ जमकर नफरत भरे भाषण दिए गए। इस दौरान प्रशासन नदारद रहा। यही नहीं, जमानत पर बाहर चल रहे नरसिंहानंद ने खुलेआम जमानत की शर्तों को तो?ा। वहीं, सीतापुर में भगवा वस्त्र पहने बजरंग मुनी का एक वीडियो 7 अप्रैल को सामने आया था, जिसमें उन्हें यह कहते सुना गया कि 'मैं आपको प्यार से कह रहा हूं कि अगर खैराबाद में एक भी हिंदू ल?की को आपके द्वारा छे?ा गया तो मैं आपकी बेटी-बहू को बाहर लाऊंगा और उसके साथ बलात्कार करूंगा।' ये तो चंद उदाहरण हैं, यदि इस प्रकार के नफरती लोगों की और नफरती भाषण देने वालों की सूची देखेंगे तो वह काफी लंबी है, जो केवल राजनीति चमकाने और मीडिया की सुर्खियां पाने के लिए इस प्रकार की बातें करते हैं और समाज में विष वमन करके अशांति फैलाना चाहते हैं।

भारत पर मुगलों का पहला सफल आक्रमण 20 जून, 712 ई. में मोहम्मद बिन कासिम ने सिंध प्रांत पर किया था। इससे पहले 711 ई. में उसने पश्चिमोत्तर भारत पर आक्रमण किया था। उसने बलूचिस्तान और मुल्तान में भी सफल अभियान चलाए। बगदाद के गवर्नर हुज्जाज बिन यूसुफ के आदेश पर उसके भतीजे और 17 वर्षीय जवान सिपहसालार मोहम्मद बिन कासिम ने सिंध पर हमला करके राजा दाहिर को शिकस्त दी और यहां हुकूमत कायम की थी। उस काल में आज की तरह का लोकतंत्र और अस्त्र-शस्त्र विश्व में किसी के पास नहीं थे। हम जातियों में बटे हुए थे, कस्बाई हुआ करते थे। इसलिए जब जिसने चाहा, हम पर आक्रमण किया, हमें लुटा और हम उसके गुलाम हो गए। हम तब से अब तक एक-दूसरे नीचा दिखाने में लगे हैं और हर वर्ष इस कुंठा को शांत करने के लिए हजारों की संख्या में दोनों (हिंदू-मुसलमान) जातीय हिंसा में अपनी आहुति देते रहते हैं। आज तक कभी हम दोनों ने इस बात को हृदय से स्वीकार ही नहीं किया कि अब तक वे हमारे हो चुके हैं और वह भी भारतीय हैं। उसमें भी को? में खाज करे मुहावरा चरितार्थ हुआ जब अंग्रजों ने अपना कब्जा भारत पर किया। उसने हमारे बीच की दूरी का भरपूर लाभ उठाया और मैकाले नामक अपने विश्वस्त को यह हिदायत दी कि हिंदू और मुसलमानों का यह आपसी बैर कभी खत्म न हो, उनके बीच की दूरी पटने न पाए, इसके लिए वह ऐसी नीति बनाए जिसके जरिये दोनों रेल की पटरियों की तरह हो --जो चले तो साथ-साथ, लेकिन आपस में मिलें कभी नहीं।

नफरती भाषणों पर क?ी आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि विजुअल मीडिया का विनाशकारी प्रभाव हुआ है। किसी को भी इस बात की परवाह नहीं है कि अखबारों में क्या लिखा है, क्योंकि लोगों के पास (अखबार) प?ने का समय नहीं है। टीवी बहस के दौरान प्रस्तोता की भूमिका का उल्लेख करते हुए न्यायालय ने कहा कि यह प्रस्तोता की जिम्मेदारी है कि वह किसी मुद्दे पर चर्चा के दौरान नफरती भाषण पर रोक लगाए। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषणों से निपटने के लिए संस्थागत प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। न्यायालय ने इस मामले में सरकार की ओर से उठाए गए कदमों पर असंतोष जताते हुए मौखिक टिप्पणी की, 'सरकार मूकदर्शक क्यों बनी बैठी है?' शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा कि क्या वह नफरत फैलाने वाले भाषण पर प्रतिबंध के लिए विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप कानून बनाने का इरादा रखती है? इस बीच पीठ ने भारतीय प्रेस परिषद और नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्रॉडकास्टर्स (एनबीए) को अभद्र भाषा और अफवाह फैलाने वाली याचिकाओं में पक्षकार के रूप में शामिल करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने मामलों की सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तारीख तय की है।

सुप्रीम कोर्ट ने 10 अक्टूबर को नफरत भरे भाषण का मुद्दा उठाने वाले एक याचिकाकर्ता से कहा कि वह जांच के दौरान उठाए गए कदमों समेत विशेष घटनाओं का ब्योरा दे। प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति एसआर भट ने कहा कि शायद आपका यह कहना सही है कि नफरत भरे भाषणों के परिणामस्वरूप पूरा माहौल खराब हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि शायद आपके पास यह कहने के लिए उचित आधार है कि इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है, लेकिन न्यायालय ने कहा कि किसी मामले का संज्ञान लेने के लिए तथ्यात्मक आधार होना चाहिए। हालांकि, अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता एक या दो मामलों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। इस मामले की सुनवाई अब 31 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने जिस प्रकार याचिकाकर्ता की दलीलों को सुनकर संज्ञान लिया है, उससे तो यही लगता है कि ऐसे लोगों के विरुद्ध कुछ न कुछ कार्यवाही तो होगी, लेकिन ऐसे लोग ऊपर तक अपनी पहुंच रखते हैं, इसलिए यह तुरंत विश्वास करना कठिन हो जाता है कि देश में दंगा कराने वालों को कोई सजा भी मिलेगी? जो हमारे आपसी भाईचारे को समय-समय पर खंडित करते रहते हैं। हिंदू हां या मुसलमान, कोई अपने को इस मामले में कमतर नहीं मानता, और परिणाम हम आजादी के पहले और बाद में देख चुके हैं कि हमारा अखंड भारत बार-बार विखंडित होता रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश उसी नफरत का ही तो प्रतिफल है।

दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस प्रकार के नफरती भाषण जो लोग देते हैं वे सभी किसी-न-किसी रूप से केंद्रीय सत्तारू? भाजपा से जु? हैं। अब इस बात से कोई कैसे इनकार कर सकता है कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने क्या कहा था, उनकी पदोन्नति हो गई। कपिल मिश्रा, नंद किशोर गुर्जर और सांसद प्रवेश वर्मा का नाम भी इस मामले में उल्लेखनीय है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कभी हम साथ बैठते थे, अपनापन होता था इन्हीं सब कारणों से हम दूर हो गए, एक-दूसरे से डरने लगे। आपसी प्यार नफरत में बदल गया। इस दूरी को कौन कम करेगा, यह ब?ा गंभीर विषय है। अब एक ही उम्मीद की किरण दिखाई देती है, वह है सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप। अब बस सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश की प्रतीक्षा करनी होगी, क्योंकि मामला इतना गंभीर है कि सामान्यजन से अथवा सत्तारू? दल से किसी प्रकार के सकारात्मक विचार की आशा करना बेमानी ही होगी। देखिए और 31 अक्टूबर तक इंतजार कीजिए।

## धर्म-कर्म

# शनि देव को हनुमान ने ऐसे सिखाया सबक



शनि देव को हनुमान जी की ये बात कतई पसंद नहीं और ध्यान लगाने जा रहे, हनुमान जी की भुजा पकड़ी ली और अपनी तरफ खींचने लगे. हनुमान जी को लगा, जैसे उनकी भुजा को किसी ने दहकते अंगारों पर रख दिया हो. उन्होंने तुरंत एक झटके से अपनी भुजा शनि देव की पकड़ से छुड़ाया. इसके बाद शनि ने विकराल रूप धारण उनकी दूसरी बांह को पकड़नी की कोशिश की तो हनुमान जी को हल्का सा क्रोध आ गया और उन्होनें अपनी पूंछ में शनि देव को लपेट लिया. शनि देव का अहंकार और क्रोध तब भी कम नहीं हुआ. शनि देव ने हनुमान जी से बोले, तुम तो क्या तुम्हारे प्रिय श्रीराम भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते. इस पर हनुमान जी को अत्यंत क्रोध आ गया और पूंछ में लपेट कर शनि देव को पहाड़ों पर वृक्षों पर खूब उठा-उठा कर पटका और रगड़ा. इससे शनि देव का हालत खराब हो गई.

शनि देव ने मांगी देवताओं से मदद

शनि देव ने मदद से मदद मांगी और रक्षा करने के लिए कहा. लेकिन कई भी देवता मदद के लिए आगे नहीं आया. अंत में शनि देव को अपनी गलत का अहसास हुआ और बोले, दया करें वानरराज. मुझे अपनी उद्दंडता का फल मिल गया. मुझे क्षमा करें. भविष्य में आपकी छाया से भी दूर रहूंगा. तब हनुमान जी बोले मेरी छाया ही नहीं मेरे भक्तों की छाया से भी दूर रहने का वचन देना होगा. शनि देव ने हनुमान जी को ऐसा ही वचन दिया. इसीलिए शनि देव हनुमान भक्तों को परेशान नहीं करते हैं।

# खतरा बनता ई-कचरा

ई-कचरे का प्रबंधन एक जटिल प्रक्रिया है और बड़ी चुनौती भी। भारत में ई-कबाड़ प्रबंधन नीति 2011 से ही उपलब्ध है। साल 2016 और 2018 में इसके दायरे का विस्तार भी किया गया था। मगर जमीनी हकीकत यह है कि इस पर अमल की स्थिति निराशाजनक ही रही है।

हमारे जीवन के हर पहलू में प्रौद्योगिकी का दखल बढ़ता जा रहा है। इतना ही नहीं, तकनीक के बूते दुनिया आसमान भी छू रही है। सभ्यता और तकनीक की बेहद ऊंचाई पर पहुंची दुनिया अब ई-कचरे से परेशान है। दुनिया भर में जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक उत्पादों की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे इलेक्ट्रानिक कचरा भी तेजी से बढ़ रहा है।

हम अपने घरों और उद्योगों में जिन बिजली और इलेक्ट्रानिक सामान को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं, वही कबाड़ ई-कचरे की संज्ञा में आता है। वैश्विक ई-कचरे की स्थिति को लेकर संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2019 में पांच करोड़ छत्तीस लाख मीट्रिक टन इलेक्ट्रानिक कचरा पैदा हुआ था। हैरत यह भी है कि 2030 तक इसकी मात्रा बढ़ कर करीब साढ़े सात करोड़ मीट्रिक टन पहुंच जाने का अनुमान है।

पूरी दुनिया में ई-कचरे को यदि महाद्वीपों के आधार पर बांट कर देखा जाए तो तो एशिया में दो करोड़ उनचास लाख टन, अमेरिका में एक करोड़ इकतीस लाख टन, यूरोप में एक करोड़ बीस लाख टन और अफ्रीका में उनतीस लाख टन ई-कचरा हर साल निकलता है। आस्ट्रेलिया में इसकी मात्रा सात लाख टन है। अनुमान तो यह भी है कि डेढ़ दशक के भीतर दुनिया में इसकी मात्रा दोगुनी हो जाएगी। भारत जैसे विकासशील देश में जहां बिजली और इलेक्ट्रानिक वस्तुएं जनसंख्या के एक बहुत बड़े हिस्से तक अभी पूरी तरह



पहुंची ही नहीं है, बावजूद इसके दस लाख टन से अधिक कचरा हर साल तैयार हो रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की दिसंबर-2020 की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है।

गौरतलब है कि ई-कचरे का प्रबंधन एक जटिल प्रक्रिया है और बड़ी चुनौती भी। भारत में ई-कबाड़ प्रबंधन नीति 2011 से ही उपलब्ध है। साल 2016 और 2018 में इसके दायरे का विस्तार भी किया गया था। मगर जमीनी हकीकत यह है कि इस पर अमल की स्थिति निराशाजनक ही रही है। रोचक यह भी है कि देश में उत्पन्न कुल ई-कचरे का महज पांच फीसद ही पुनर्चक्रण केंद्रों के जरिए प्रसंस्करित किया जाता है। जाहिर है, बाकी बचा हुआ पनचानवे फीसद ई-कबाड़ का निस्तारण अनौपचारिक क्षेत्र के हवाले है।इस बात का गहराई से विश्लेषण करने की जरूरत है कि ई-कबाड़ प्रबंधन को कैसे दुरुस्त किया जाए। दो टूक यह है कि इस काम में गैर-सरकारी संगठनों की मदद लेना प्रभावशाली रहेगा। देखा जाए तो सरकार ने साल 2008 में सामान्य कबाड़ प्रबंधन नियम लागू किया था। इन नियमों में ई-कचरा के प्रबंधन को लेकर जिम्मेदार ढंग से काम करने की बात भी निहित थी। हालांकि तब समस्या इतनी बड़ी नहीं थी।गौरतलब है कि ई-कचरा तब पैदा होता है जब किसी उत्पाद का उपयोगकर्ता यह तय करता है कि इस सामान का उसके लिए कोई उपयोग नहीं रह गया है। मौजूदा समय में भारत में एक सौ छत्तीस करोड़ की आबादी में लगभग एक सौ बीस करोड़ मोबाइल फोन हैं। जब ये इस्तेमाल के लायक नहीं रहते, तो जाहिर है ई-कचरे के ही एक रूप में सामने आते हैं। गौरतलब है कि भारत में 2025 तक इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों की तादाद नब्बे करोड़ हो जाएगी। फिलहाल यह संख्या पैंसठ करोड़ के आसपास है।

भारत में ई-कचरे की मात्रा 2014 में सत्रह लाख टन थी, जो अगले ही साल 2015 में उन्नीस लाख टन हो गई थी। संदर्भ निहित बात यह भी है कि राष्ट्रीय ई-कबाड़ कानून के अंतर्गत इलेक्ट्रानिक वस्तुओं का प्रबंधन औपचारिक संग्रह के जरिए ही किया जाना चाहिए, क्योंकि इस तरह से इकट्ठे किए गए कबाड़ को विशेष प्रसंस्करण केंद्र में ले जाया जा सकता है, जहां इसका पुनर्चक्रण करते समय पर्यावरण और स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखना संभव है।हालांकि इस मामले में भारत की स्थिति खराब है। साल 2018 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने न्यायाधिकरण को बताया था कि भारत में ई-कचरे का पनचानवे फीसद पुनर्चक्रण अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा किया जाता है। इतना ही नहीं, अधिकांश कवाड़ी इसका निपटान इसे जला कर या तेजाब के इस्तेमाल से करते हैं।

## बात ज्ञान की

**जब लोग अपने मालों की जकात अदा नहीं करते हैं तो अल्लाह तआला आसमान से बारिश को रोक देता है। और अगर जमीन पर जानवर न होते तो आसमान से पानी का एक कतरा भी न बरसता।जाबिर रज़ि बयान करते हैं कि मैंने रसूलल्लाह सल्ल. को हाथ ऊपर उठा कर ये दुआ करते हुए देखा अल्लाह! हमें पानी पिला, हम पर ऐसी बारिश नाज़िल फरमा जो हमारी प्यास बुझा दे, हल्की फुआरें बन कर अनाज उगाने वाली,( ये बारिश ) नफा देने वाली हो, नुकसान पहुंचाने वाली न हो, जल्द आने वाली हो, देर लगाने वाली न हो।**

## मजहब-ए-इस्लाम

# सुरे तहरीम आयत

कुरान कि 28 पारा सुरे तहरीम आयत 8 मे अल्लाह ने फरमाया -ऐ ईमान वालो अल्लाह कि तरफ तौबा करो एसी तौबा जो तौबतन नसुह हो, ,तौबतन नसुह -यानी एसी तौबा करो कि आगे लोगो के लिये तुम्हारी तौबा मिसाल बन जाए, लोग मिसालें और हमारी तौबा से नसीहत हासिल करे एसी तौबा को तौबतन नसुह कहते है, ,,,यु तो बहुत से इन्सान तौबा करते है गुनाहों से और गुनाह करना छोड भी देते है एसी तौबा हि सच्ची तौबा कहलाती है लेकिन कुरान हुक्म दे रहा है हमे सच्ची तौबा के साथ-साथ तौबतन नसुह करने का, ,,,,,तौबतन नसुह करने वाला ईन्सान तौबा के बाद दुसरो के लिये नसीहत करने वाला और रहनुमा बन जाता है, ,,,,,,जैसे हजरत फुज़ेल बिन अयाज़ रहमतुल्लाह अलैह जो पहले डाकू थे लोगो का माल लुटा करते थे और डाकू होने के बावजुद भी दिनभर रोज़े से रहते थे और रात भर ईबादत किया करते थे तौबा किया करते थे लेकिन काम बराबर बुराई का चालू था, ,लेकिन एक दिन आपनेकिसी इन्सान से कुरान कि ये आयते करीमा सुनी कि ङ्क क्या अब भी लोगो के दिल अल्लाह के ज़िक्र से पिघले नही है? ,,,बस ये आयत सुनते ही हजरत फुज़ेल बिन अयाज़ का दिल पिघल गया और फरमाने लगे कि मे भी तो रोज़ अल्लाह का ज़िक्र करता हु लेकिन मेरा दिल अब पिघल जाना चाहिये, ,बस आपने तौबा कि सच्ची तौबा तौबतन नसुह वाली तौबा, ,और अपने साथी डाकुओं से कहाँ कि मेने बुराईयो से तौबा करली है तुम अपनी राह लो, ,वो डाकू कहने लगे बुराईयो के कामो मे तो हम आपके साथ थे लेकिन अब जब नेकियो कि राह मे आपसे अलग नही जाएगे बल्कि हक भी तौबा करेगे और तौबतन नसुह करने कि बरकत से चालिस डाकुओं ने भी तौबा कि, ,,,,बस यही से लोगो कि रहनुमाई का काम चालू हो गया, ,,फिर आपकी ये हालत हो ग ई कि जिसका भी माल लुटा था उसका माल उसे लोटाते रहे,,,और इस कदर अल्लाह से खोफ व उम्मीद मे इबादत व रियाज़त मे लगे रहे कि अल्लाह के मेहबुब बन्दो व औलियाओ मे शुमार हो गये,,,,आपसे करामते साबित होने लगी और मुस्तजाबुद्दावात बन गये, ,,,नोट ङ्क मतलब ये कि सच्ची तौबा करने वाला तो सिर्फ गुनाह करना छोडता है लेकिन तौबतन नसुह करने वाला गुनाहों से एसा दुर होता है कि फिर कभी गुनाह का ईरादा भी नही और बल्कि वो यादे ईलाही मोहब्बते ईलाही इताअते अल्लाह व रसूल मे गुम हो जाता,,इबादात रियाज़ात मुजाहिदात तवक्कुल ईख्लास कि मन्ज़िलो को तय करता हुवा नज़र आता है आज़ीज़ी इन्केसारी इस्तेकामत उसका लिबास होती है,,,,ये तौबतन नसुह कि बरकते है यही तौबा करने का हुक्म है ,,,,

## बच्चों की कहानी

# नन्ही चिड़िया के बच्चे

एक गांव के बगीचे में एक बहुत बड़ा एक नीम का पेड़ था। उस पेड़ पर एक चिड़िया रहती थी। वहां उसने एक घोंसला बनाया और कुछ दिनों बाद अंडे दिए। थोड़े दिनों बाद उन अंडो से चूजे निकले। यह देखकर चिड़िया बहुत खुश हुई। अब हर रोज चिड़िया अपने बच्चों के लिए खाना ढूंढ़ने जाती और शाम होते ही वापस अपने घोंसले में आ जाती। इस तरह चिड़िया बड़े प्यार से अपने बच्चों की देखभाल करने लगी।

उस पेड़ के नीचे एक चबूतरा भी बना हुआ था और घोंसले की सारी गंदगी नीचे उस चबूतरे पर आकर गिरती रहती। चिड़िया के बच्चें कभी बीट कर देते तो कभी घास के तिनके नीचे गिरा देते। इससे सारा चबूतरा गंदगी और कचरे से भर जाता।

एक दिन अचानक बगीचे का मालिक वहां आया और उनसे देखा कि चबूतरा तो बहुत ज्यादा हो गया हैं। उसने पेड़ पर देखा तो



उसे एक घोंसला देखाई दिया। ये देखकर बगीचे का मालिक बहुत नाराज हुआ। उसने अपने नौकर को बुलाया और उसे घोंसला हटाने की बात कहकर वहां से चला गया।

इधर चिड़िया के बच्चें ये देखकर बहुत ज्यादा डर गए और ये बात उन्होंने शाम को अपनी माँ को बताई। तो चिड़िया ने कहा डरो मत बच्चों! मौज से रहो।

कुछ दिन ऐसे ही चलता रहा। अब चिड़िया के बच्चें थोड़े बड़े हो चुके थे।थोड़े दिन बाद बगीचे का मालिक एक बार फिर वापस आया और उसने देखा कि घोंसला तो अब भी वहीं पर हैं। इस बार उसने बेटे को बुलाया और उसे घोंसला हटाने की बात कहकर चला गया।चिड़िया के बच्चें ये देखकर फिर से बहुत ज्यादा डर गए और शाम को जब माँ घर आई तो उन्होंने वो सारी बात अपनी माँ को बताई। तो चिड़िया ने कहा डरो मत बच्चों! मौज से रहो, कुछ नहीं होगा।

इस तरह दिन बीतते गए और अब चिड़िया के बच्चें थोड़ा थोड़ा उड़ना सीख चुके थे।

थोड़े दिन गुजरने के बाद बगीचे का मालिक एक बार फिर वापस आया। अब वो पहले से काफी ज्यादा गुस्से में था। जब उसने देखा कि न तो वहां किसी ने सफाई की हैं और न ये घोंसला हटाया गया है अभी तक।

अब वो सबको दोष देते हुए कहने लगा ङ्क सबके सब नालायक हैं कोई काम नहीं करता। अब मुझे ही इस घोंसले को यहाँ से हटाना होगा। अब कल मैं खुद ही आकर इस घोंसले को यहाँ से हटाऊँगा।

इधर चिड़िया के बच्चें ये देखकर फिर से घबरा जाते हैं। शाम को जब चिड़िया घर आयी तो बच्चों ने उसे सारी बात बताई। ये सुनकर चिड़िया घबरा गयी और कहने लगी- बच्चों!! अब कल सुबह होते हमें भी यहाँ से जाना होगा। तुम तैयार रहना। और अगले दिन सुबह होते ही चिड़िया अपने बच्चों को साथ लेकर उड़ गयी। इधर बच्चें ये सोचते हुए उड़ रहे थे कि माँ ने आज ही चलने को क्यों कहा पहले क्यों नहीं?





## किआरा आडवाणी पर केबीसी में

# अमिताभ बच्चन ने पूछा सवाल

छोटे पर्दे पर कौन बनेगा करोड़पति से एक बार फिर अमिताभ बच्चन का जादू चल गया है। एक ओर जहां शो से लोगों को फिर से ज्ञान मिल रहा है तो दूसरी ओर अमिताभ बच्चन का अंदाज भी सभी को पसंद आ रहा है। केबीसी से अभी तक कई किस्से, क्लिप्स और सवाल-जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वहीं शो में एंटरटेनमेंट वर्ल्ड से जुड़े सवाल भी अक्सर पूछे जाते हैं। ऐसे में अब बॉलीवुड की गोल्डन गर्ल कहलाने वालीं किआरा आडवाणी से जुड़ा एक सवाल पूछा गया है। जिसने कई लोगों को हैरान कर दिया है। दरअसल हाल ही में केबीसी के एक एपिसोड में डॉ तनवी खन्ना नजर आईं, जिनसे 1.60 लाख के लिए सवाल पूछा गया- इन में से किस अभिनेत्री का पहला नाम- आलिया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना स्क्रीन नेम बदल लिया। इस सवाल के जवाब में कृति सेनन, किआरा आडवाणी, परिणीति चोपड़ा और अनन्या पांडे ऑप्शन दिए गए। सवाल का सही जवाब किआरा था, और तनवी ने सही जवाब देकर 1.60 लाख रुपये जीत लिए। हालांकि अगले सवाल का गलत जवाब देने पर वो सिर्फ 10 हजार की राशि ही घर ले जा पाईं। याद दिला दें कि यह पहली बार नहीं है जब किआरा आडवाणी, कौन बनेगा करोड़पति को लेकर खबरों में हैं। इससे पहले एक फैन किआरा की तस्वीर शो पर बतौर लकी चार्म लेकर पहुंचा था। वहीं हाल ही में उस फैन ने किआरा अडवाणी से जून में बर्थडे के खास मौके पर वर्चुअल मीट में मुलाकात की थी। बता दें कि किआरा अडवाणी हर साल 13 जून को बॉलीवुड में अपनी सालगिरह के अवसर पर एक विशेष फैन मीट एंड ग्रीट के आयोजन में भाग लेती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ सेलिब्रेट करती हैं। बता दें कि किआरा ने अपने दम पर अपने लिए एक बड़ा नाम बनाया है। किआरा की हिट फिल्मों में एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी, लस्ट स्टोरीज, कबीर सिंह , गुड न्यूज, शेरशाह, भूल भुलैया 2 और जुगजुग जीयो शामिल हैं। बात किआरा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की करें तो कार्तिक आर्यन के साथ सत्यप्रेम की कथा, एस शंकर की आरसी -15 और विकी कौशल के साथ गोविंदा मेरा नाम शामिल हैं।



## बिग बॉस 16

# शालीन भनोट की सलमान खान ने की बेइज्जती



बिग बॉस 16 के आज के वीकेंड का वार एपिसोड में परिणीति चोपड़ा और हार्डी संदू आए। दोनों अपनी फिल्म कोड नेम तिरंगा के प्रमोशन के लिए आए। इस दौरान दोनों ने सलमान खान के साथ मिलकर कंटेस्टेंट्स के साथ खूब मस्ती की। वहीं सलमान खान ने माहौल को थोड़ा गंभीर किया जब उन्होंने कुछ कंटेस्टेंट्स को बातें सुनाईं और अनुमान लगाने को कहा कि ये बात उनके लिए किसने कही है। इस दौरान सुम्बुल को सलमान कहते हैं कि आपके लिए किसी ने कहा कि सुम्बुल आपको वन साइड लव करती है और ये बात सबको दिखती है तुम्हें नहीं। सुम्बुल कहतीं है कि उन्हें नहीं पता कि कौन ऐसा कह सकता है तभी टीना खुद बताती हैं कि ये बात उन्होंने कही है। सुम्बुल हैरान हो जाती हैं और वह इमोशनल हो जाती हैं। वह कहती हैं कि मेरे लिए 2 लोग ही क्लोज हैं और वो टीना और शालीन, लेकिन तुमने मेरे साथ क्या किया। सुम्बुल के पिता शो में आए और उन्होंने शालीन भनोट और टीना दत्ता की क्लास लगाई। वे दोनों को सुम्बुल का तमाशा बनाने के लिए लताड़ते हैं। तो वहीं फिर सुम्बुल के पिता गौतम, शिव, अर्चना, अंकित की तारीफ की कि उन्होंने अर्चना को हमेशा समझाया और उनके साथ गलत नहीं किया। वहीं शालीन फिर सलमान से कहते हैं कि मुझे आपसे कुछ कहना है तो सलमान कहते हैं कि नहीं आप कुछ मत बोलिए। कुछ भी मत बोलिए। आपको बोलने का मौका बाद में देंगे। शालीन फिर चुप होकर बैठ जाते हैं। इस क्लास लगने के बाद शालीन और टीना फिर रूम के वॉशरूम में जाते हैं और एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। दोनों सुम्बुल के पिता के रिएक्शन पर बात करते हैं और एक-दूसरे को एक्सप्लेशन देते हैं। लेकिन अब आगे सलमान दोनों से क्या कहेंगे ये कल के वीकेंड का वार में पता चलेगा



# सोनम कपूर क्यों नहीं रखती हैं करवा चौथ का व्रत

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर अक्सर अलग अलग वजहों से खबरों में रहती हैं। सोनम का सिनेमाई करियर बेशक ही कुछ खास नहीं रहा है लेकिन उनका फैशन सेंस हमेशा ही खबरों में रहा है। हाल ही में सोनम करवा चौथ का लेकर चर्चा में हैं। सोनम की शादी को करीब चार से हो गए हैं, लेकिन वो कभी करवा चौथ का व्रत नहीं रखती है और इसके पीछे की वजह का उन्होंने हाल ही में खुलासा किया है। सोनम ने बताया है कि वो पति आनंद आहूजा की वजह से करवा चौथ का व्रत नहीं रखती हैं। सोनम कपूर ने साड़ी में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में सोनम कपूर ने लिखा, मेरे पति आनंद आहूजा करवा चौथ फास्ट के फैन नहीं हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि फास्टिंग केवल इंटरमिटेंट (थोड़े-थोड़े समय पर खाना) होनी चाहिए। इसलिए मैंने ये व्रत नहीं रखा है। लेकिन हम दोनों का ही विश्वास है कि कोई भी त्योहार और ट्रेडिशन हो वो परिवार और फैमिली को एक करने में अहम भूमिका निभाते हैं। मुझे बहुत अच्छा लगता है कि मेरी मां बहुत प्यार के साथ इस त्योहार को निभाती हैं और मैं भी इस परंपरा का हिस्सा बन रही हूं। आप सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं। सोनम कपूर के इस पोस्ट पर मिक्स रिएक्शन आ रहे हैं। एक ओर जहां सोनम कपूर को हिंदू धर्म से जुड़ी परंपरा का हिस्सा सीधे तौर पर नहीं बनने के लिए काफी ट्रोल किया जा रहा है, तो दूसरी ओर फैन्स उनके इस फैसले को सपोर्ट भी कर रहे हैं। वहीं कई फैन्स ने उनकी खूबसूरती की तारीफ करते हुए उनके वजन का भी जिक्र किया है। कई फैन्स ने कमेंट किया है कि एक्ट्रेस एक दम से इतनी पतली कैसे हो गई हैं।



# कपिल शर्मा ने करवाया नया फोटोशूट



कॉमेडी किंग कपिल शर्मा ने अपने हाल ही में करवाए गए फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में कपिल डैशिंग और कूल लुक में कहर ढाते नजर आ रहे हैं। कपिल के इस फोटोशूट पर उनके कई सेलेब्स फ्रेंड्स ने रिस्पॉन्स भी दिया है। बता दें कपिल शर्मा पहले ही अपने ट्रांसफोर्मेशन अवतार से अपने चाहने वालों को हैरान कर चुके हैं। कपिल के इस हैंडसम मैन वाले लुक पर ना सिर्फ उनके फैंस फिदा हैं बल्कि इंडस्ट्री के कई दिग्गज भी कपिल के इस फोटोशूट को लेकर कमेंट कर रहे हैं। फेमस सिंगर और रैपर बादशाह ने लिखा, 'पाजी आग ही लगा रखी है कसम से।' सिंगर कनिका कपूर ने कपिल के लिए आग वाली इमोजी पोस्ट की है। इसके अलावा क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके पूर्व क्रिकेटर हरभजन मान ने लिखा, 'हैंडसम ब्रो'। कॉमेडियन, एक्टर कृष्णा अभिषेक ने लिखा, 'वाह क्या बात है।' कपिल ने अपनी इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, चार तस्वीरें, सॉरी कोई कैप्शन नहीं मिला। कपिल शर्मा जब से अपने स्लिम लुक को लेकर वापस टीवी पर लौटे हैं तभी से आए दिन वह अपने लेटेस्ट लुक की तस्वीरें फैन्स के साथ शेयर करते रहते हैं। उनके इस लेटेस्टेट आउटडोर शूट में वह कॉमेडी किंग से ज्यादा किसी फिल्म के हीरो ज्यादा नजर आ रहे हैं। कपिल अपने शो द कपिल शर्मा में आए दिन सेलेब गेस्ट के साथ मस्ती मजाक कर दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर देते हैं। इस शो के लेटेस्ट एपिसोड में कपिल करवा स्पेशल कॉमेडी पंच लेकर हाजिर हुए। इस शो के लेटेस्ट प्रोमो में उनकी को-स्टार सुमोना चक्रवर्ती और सृष्टी रोडे को कपिल के लिए करवा व्रत रखने को लेकर आपस में भिड़ते हुए दिखाया गया था। शो का ये करवा स्पेशल सेगमेंट काफी मजेदार होने वाला है। इसके अलावा कपिल इन दिनों अपनी फिल्म ज्विगाटो को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन नंदिता दास ने किया है और कपिल शर्मा इसमें लीड रोल प्ले करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी एक फैक्ट्री के फ्लोर मैनेजर के बारे में है जिसने कोविड के दौरान अपनी नौकरी खो दी। इसके बाद उसने लॉकडाउन में एक डिलीवरी बॉय का काम करना शुरू कर दिया।

# अल्लू अर्जुन और नीरज चोपड़ा ने एक दूसरे के सिग्नेचर स्टेप को किया कॉपी



स्टाइलिश स्टार अल्लू अर्जुन के फैन्स इन दिनों काफी खुश हैं। एक ओर जहां हाल ही में अल्लू को एंटरटेनमेंट जगत के लिए इंडियन ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया, तो दूसरी ओर अब उनका ओलंपिक चैंपियन गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा संग एक वीडियो वायरल हो रहा है। अल्लू और नीरज के इस वीडियो में दोनों का स्वैग देखने को मिल रहा है, जिसे सोशल मीडिया यूजर्स पसंद कर रहे हैं। दरअसल हाल ही में एक इवेंट में अल्लू को इंडियन ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। इस इवेंट में अल्लू की मुलाकात नीरज चोपड़ा से भी हुई। इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जहां एक ओर अल्लू, नीरज का जैवलिन पोज दे रहे हैं तो वहीं नीरज ने अल्लू की फिल्म पुष्पा का सिग्नेचर पोज दिया। वहीं इसके बाद दोनों साथ में पुष्पा पोज देते दिखते हैं। वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें कि इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स प्यार लुटा रहे हैं। एक ओर जहां अल्लू के फैन्स उनके डाउन टू अर्थ होने की तारीफ कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर नीरज के चार्म की भी तारीफ करने से फैन्स खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। जिस तरह से अल्लू और नीरज एक दूसरे से बात कर रहे हैं, वो क्यूटनेस फैन्स को खूब पसंद आ रही है। अल्लू और नीरज का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया यूजर्स तेजी से रिएक्ट कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते साल अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा- द राइज रिलीज हुई थी जिसे न सिर्फ क्रिटिक्स बल्कि दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। पहले फिल्म ने जहां सिनेमाघरों में जोरदार कमाई की थी तो वहीं अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज के बाद फिल्म को और भी तगड़ी माउथ पब्लिसिटी मिली। फिल्म के पहले पार्ट के सुपरहिट होने के बाद अब दर्शक फिल्म के दूसरे पार्ट पुष्पा द रूल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में अल्लू के साथ ही रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल लीड रोल में नजर आएंगे।






## जल विभाग की समीक्षा के दौरान सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश

# टाइमलाइन पर काम करे जल विभाग

### सभी उपभोक्ताओं के यहां 31 दिसंबर तक वाटर मीटर लगाने के भी निर्देश





जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने विशेष कायाधिकारी (ए). उप महाप्रबन्धक (जल) एवं सम्बन्धित जल खण्डों के वरिष्ठ प्रबन्धकों के साथ कृत कार्यों की अद्यतन स्थिति/निष्पादन हेतु समीक्षा बैठक आहुत की गयी। बैठक में विचारोपरान्त वांछित कार्यवाही प्राथमिकता पर पुनः टाईम लाईन के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया। विवरण निम्नवत है :

नौएडा में स्थापित रैनीवेलों में पानी की उपलब्धता में सुधार हेतु प्रगतिरत अनुबन्ध के क्रम में मैसर्स वाप्कॉस की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप न होने की दशा में मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदया द्वारा प्रगति में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। लक्ष्य के अनुरूप कार्य न होने पर अतिरिक्त पेनल्टी लगाने हेतु निर्देशित किया गया स्त्रात्कम में उनके द्वारा चार नग रैनीवेलों (सं0-2.3.4 व 6) हेतु जो आगणन प्रस्तुत किये गये हैं इन सभी की निविदायें खण्डीय स्तर से प्रक्रिया पूर्ण करते हुये दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक आमंत्रित करने हेतु निर्देशित किया गया। शेष दो नग रैनीवेलों (सं0-1 व 5) की डीपीआर एवं एटीमेट 31 अक्टूबर 2022 तक उपलब्ध कराने हेतु नैसर्स वाप्कोस को निर्देशित किया गया. अन्यथा की स्थिति में इनका अनुबंध निरस्त कर अन्य एजेन्सी का चयन किये जाने हेतु, निर्देशित किया।

वर्तमान में वाटर मीटर हेतु प्रगतिरत के अन्तर्गत दिनांक 31 दिसम्बर 2022 तक अनुबंध के अन्तर्गत प्रावधानित सभी वाटर मीटरों की स्थापना का कार्य एवं इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 31.10-2022 तक सम्बन्धित एजेन्सी द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर पुनः क्ष्ड्ढठ्ठड्डद्यह्ल4 लगाने हेतु निर्देशित किया तथा इस कार्य की प्रगति आख्या हेतु समीक्षा बैठक दिनांक 15 नवम्बर 2022 को पुनः करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवधि तक जल राजस्व को सापेक्ष इन संयोजना से होने वाले जल राजस्व की प्रभावी स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन वर्तमान की प्रभावी जल राजस्व की बिलिंग के सापेक्ष करने हेतु निर्देशित किया गया।

## युवाओं के लिए सड़कों पर उतरेगी 'आप' : पंकज अवाना



जय हिन्द संवाद

**नोएडा ।** आम आदमी पार्टी यूथ विंग पश्चिम प्रांत का प्रांतीय युवा महासम्मेलन नोएडा में 16 अक्टूबर को मोरना के बरात घर में

आयोजित किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह होंगे। यह जानकारी शुक्रवार को आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने मीडिया क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी।

पूर्व प्रत्याशी एवं युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे लोवर पीसीएस , ग्राम पंचायत अधिकारी, वीडीओ 2018, मंडी परिषद, सहायक लेखाकार कोषागार 2015,

■ **लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक आम आदमी पार्टी यूथ विंग लड़ेगी**

आबकारी सिपाही 2016, शिक्षामित्रों का मामला , राजस्व निरीक्षक ओर कई विभागों में भर्तीयां अधर में लटकी हुई है, आखिर कब तक प्रदेश का नौजवान बेरोजगारी का शिकार होता रहेगा ' प्रदेश सरकार को जवाब देना ही पड़ेगा। श्री अवाना ने कहा कि बेरोजगार युवाओं की

लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक आम आदमी पार्टी यूथ विंग लड़ेगी। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने कहा कि सहारनपुर, मथुरा, गौतम बुध नगर, गाजियाबाद आदि 10 जनपदों के युवा भाग लेंगे। पत्रकार वार्ता में जिला महासचिव राकेश अवाना, मनोज यादव , परवीन आदि मौजूद रहे।



**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा भाजपा से उपाध्यक्ष सुनील भारद्वाज ने पुर केंद्रीय मंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद मुख्तार अब्बास नकवी को मिलकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। **( छाया : जय हिन्द जनाब )**

## गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर स्वर्ण नगरी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में कक्षा एक और दो के लिए इंटर हाउस गायन और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कक्षा तीसरी से पांचवी तक बच्चों को शैक्षिक यात्रा कराई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणू सहगल ने बताया कि प्रतिभागियों को प्रतिस्पर्धी भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंटर हाउस गायन प्रतियोगिता में साथ ही इंटर हाउस वॉलीबॉल में लड़कों की टीम में प्रथम स्थान टैगोर सदन और दूसरे स्थान पर टेरेसा सदन रहा।

## किसानों को उचित मुआवजे को लेकर सौंपा ज्ञापन

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** भारतीय किसान संगठन नोएडा महानगर ईकाई नें उत्तर प्रदेश सहित तमाम देश में आसमानी आफत के रूप में प्राकृतिक आपदा बरसात जो किसानों को बर्बाद कर गयी पहले ही आफत झेल रहे किसानों पर अब प्राकृतिक आपदा भी मार डाल गयी।

जिससे किसानों की तमाम फसलें बर्बाद हो गयी को लेकर भारतीय किसान संगठन नें मांग की कि किसानों को तत्काल राहत प्रदान करते हुए भारत सरकार किसानों को उचित मुआवजा दे! इसी क्रम में आज प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट नोएडा को सौंपा गया! भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के रूप में मुख्यतः अशोक यादव, सुरेन्द्र वशिष्ठ, अजब सिंह चौहान, सुंदर चौहान, चांदी, अनिल प्रजापति, रहीसुददीन, जावेद खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

## भाजपा नेता से रंगदारी मांगने पर मुकदमा दर्ज

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** खोड़ा की लोकप्रिय विहार में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष जयकरण यादव ने तीन तथाकथित मीडियाकर्मी समेत सात लोगों पर एक लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि आरोपी उनसे पिछले महीने हनीट्रैप की वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर 68 हजार वसूल चुके हैं। अब फिर से एक लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। पैसे नहीं देने पर उनके पास लोगों को भेजकर परेशान करते हैं। खोड़ा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को उनके पास एक युवक का फोन आया। कहा कि उसके पास उनकी हवालात की एक वीडियो और फोटो है। इसकी एवज में आरोपियों ने उनसे 60 हजार रुपये ऐंठ लिए। अगले दिन फिर उन्हें डर दिखाकर 8000 रुपये की अवैध वि वसूली की। इतना ही नहीं, पैसे लेने के लिए उन्हें इंदिरापुरम में एक जगह पर बुलाया था। वहां आरोपी विकास शर्मा और ललित जायसवाल ने पैसे लेने के बाद उन्हें वीडियों व फोटो डीलिट करने का झांसा दिया।

## जीएनआईओटी में एजुकेशनल कार्यक्रम आयोजित

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी एमबीए संस्थान में अनुनाद-2022 एजुकेशनल कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर कुलबीर सिंह, विशिष्ट अतिथि राजन पेंटल तथा अनुराग शर्मा (अध्यक्ष ऐन्ट लर्निंग) ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. धर्मबीर सिंह और हेड एकेडमिक डॉ. सरिता चौधरी ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। कोरोना महामारी के कारण जो चुनौतियां आयी है उनसे पार पाकर आपको आगे बढ़ना है।

## किसान नेता की याद में होगा विशाल दंगल

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** किसान नेता स्वर्गीय ऋषिपाल की याद में 28वां विशाल दंगल सेक्टर 15 स्थित नयाबास क्रीडा स्थल मे 16 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें करीब 125 पहलवान भाग लेंगे और तीन लाख से अधिक इनाम वाली कुश्ती आयोजित की जाएंगी।




जिसमें सबसे बड़ी कुश्ती डेढ़ लाख रुपए की होगी। जिसमें विजेता को एक लाख तथा हारे पहलवान को भी 50 हजार का इनाम दिया जाएगा। इसके बाद दूसरी महिला कुश्ती होगी जिसमें विजेता महिला पहलवान को 21 हजार का इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा भी अन्य पहलवानों की करीब 30 से 35 बड़ी कुश्तियां इनामी होंगी।यह जानकारी पत्रकार वार्ता में ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी एडवोकेट महेंद्र सिंह अवाना ने दी।

इस दौरान ट्रस्टी एवं स्वर्गीय ऋषि पाल के दोस्त पंडित कृपाराम शर्मा ने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान की लड़ाई लड़ते हुए ऋषि पाल की 32 वर्ष की अल्प आयु में 16 अक्टूबर वर्ष 1994 को सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। तभी से उनकी याद में शोक सभा के साथ विशाल दंगल का आयोजन प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। श्री शर्मा ने बताया कि ऋषि पाल किसान नेता के साथ साथ खेल प्रेमी भी थे। इस दौरान ऋषि पाल के छोटे भाई चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट के सभी सदस्य लगातार 27 वर्षों से विशाल दंगल का आयोजन करा रहे हैं।

## आईएचजीएफ दिल्ली मेला-ऑटम 2022 का हुआ शुभारंभ


जय हिन्द संवाद




**ग्रेटर नोएडा।** 18 अक्टूबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे में आईएचजीएफ-दिल्ली मेले का 54वां संस्करण- हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के 16 हॉल और 900 स्थायी शोरूम में फैले इस मेले का विदेशी खरीदारों, क्रेता और सोर्सिंग सलाहकारों समेत सोर्स करने के साथ-साथ बड़े घरेलू वॉल्यूम खरीदारों के लिए आज शुभारंभ हो गया। उद्घाटन कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव यूपी सिंह द्वारा किया गया। ईपीसीएच के अध्यक्ष राज के मल्होत्रा, उपाध्यक्ष कमल सोनी, महानिदेशक और आईईएमएल के अध्यक्ष राकेश कुमार, आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2022 की स्वागत समिति के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, इपीसीएच के प्रशासनिक समिति के सदस्यों और ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर के वर्मा भी

■ **केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय सचिव यूपी सिंह ने किया उद्घाटन**

मौजूद रहे। राजस्थान सरकार के उद्योग विभाग की अपर मुख्य सचिव वीनू गुप्ता और तमिलनाडु सरकार के प्रधान सचिव धर्मेंद्र प्रताप यादव ने भी मेले का दौरा किया । कार्यक्रम में यूपी सिंह सचिव ने इस मंच को भारतीय हस्तशिल्प समुदाय, विशेष रूप से बुनकरों और कारीगरों के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव बताया। उन्होंने कहा कि ये मंच जमीनी स्तर पर इस सेक्टर को विकसित कर रहा है।




**जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि.** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **मोहम्मद इमरान** द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक **मोहम्मद आजाद** (RNI No. : UPHIN/05/14445), **( सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा )** फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com